# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (16.07.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 16.07.2025, PAGE-06

### कुलपति ने समारोह की तैयारी को लेकर की बैठक, तैयार की गई आयोजन की रूपरेखा

# दीक्षांत में 60 टॉपर को मिलेगा गोल्ड मेडल, मालवीय पगड़ी में लेंगे डिग्री

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरए बिहार विवि के दीक्षांत समारोह में मालवीय पगड़ी पहनकर विद्यार्थी गोल्ड मेडल लेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने मंगलवार को समारोह की तैयारियों के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में समारोह की पूरी रूपरेखा तैयार की गई। तय किया गया कि दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को बीआरएबीयू की वेबसाइट पर 31 जुलाई तक आवेदन करना होगा। समारोह में पीजी के 60 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इनमें सामान्य पीजी के साथ एमबीए, एमसीए, होम्योपैथ व अन्य कोर्स के टॉपर विद्यार्थी शामिल रहेंगे। पीएचडी छात्रों को सर्टिफिकेट दिया जायेगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता बिहार के राज्यपाल करेंगे और मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा होंगे। बैठक में तय किया गया कि पीएचडी के छात्र अपने डीन के साथ स्टेज पर आयेंगे और राज्यपाल के साथ उनकी तस्वीर खींची जायेगी। राज्यपाल और उपराज्यपाल का भाषण पहले होगा उसके बाद अन्य कार्यक्रम होंगे। समारोह में राष्ट्रगीत और कुलगीत बजाये जायेंगे। समारोह की तैयारी के लिए 10 कमेटियां बनाई गई हैं।



विश्वविद्यालय में मंगलवार को दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर बैठक करते कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय।

- सामान्य पीजी के साथ एमबीए, एमसीए, होम्योपैथ के टॉपर को भी मिलेगा मेडल
- विद्यार्थियों को 31 जुलाई तक करना होगा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन

दीक्षांत समारोह की प्रोसेसन भी निकलेगा, जिसमें सबसे आगे रजिस्ट्रार और उनके पीछे डीन रहेंगे। समारोह में राज्य के सभी विवि के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों को आमंत्रित किया जायेगा। समारोह में पीएचडी करनेवाले उन्हीं छात्रों को सर्टिफिकेट दिया जायेगा, जो 1 नवंबर 2024 से लेकर 31 जुलाई 2025 तक अपनी पीएचडी पूरी कर चुके हैं। पीजी के सत्र 2021-23 और 2022-24 के छात्रों को डिग्री दी जायेगी। स्नातक के छात्रों को कॉलेज में ही डिग्री मिलेगी। छात्रों को दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए दो हजार रुपये जमा करने होंगे। दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड भी तय किया गया है। छात्राएं सफेद सलवार और लेमन येलो कलर का कुर्ता पहनेंगी। लेमन येलो रंग की साड़ी, जिसका बॉर्डर लाल होगा और ब्लाउज भी लाल रहेगा। छात्राओं को पीले रंग का अंगवस्त्र जिसका बॉर्डर लाल होगा और उसके साथ विवि का लोगो लगा रहेगा। छात्र के लिए सफेद कुर्ता और पायजामा या सफेद धोती-कुर्ता, लेमन येलो रंग की मालवीय पगड़ी और पीला अंगवस्त्र जिसका बार्डर लाल रहेगा।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 16.07.2025, PAGE-06

# दीक्षा समारोह में स्नातक के टापरों को नहीं मिलेगा गोल्ड मेडल

**1 नवंबर 2023 से 15 जुलाई 2025 तक जारी रिजल्ट से पीजी कोर्स के टापरों को मिलेगा गोल्ड मेडल**

- राजभवन के भेजे गए स्टैच्युट के आधार पर हुआ निर्णय, कुलपति की अध्यक्षता में बैठक आयोजित
- इस अवधि में पीएचडी पूरा करने वाले शोधार्थियों को भी दिया जाएगा सर्टिफिकेट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में छह वर्षों के बाद 25 अगस्त को होने वाले दीक्षा समारोह में स्नातक के टापरों को गोल्ड मेडल नहीं मिलेगा। राजभवन की ओर से समारोह के लिए निर्धारित स्टैच्युट के आधार पर इस पर सहमति बन गई है। दीक्षा समारोह में केवल पीजी स्तरीय कोर्स में विभिन्न विषयों के टापरों को गोल्ड मेडल मिलेगा। इसमें एक नवंबर 2023 से 15 जुलाई 2025 तक जारी पीजी स्तरीय कोर्सों के टापरों को मेडल मिलेगा। इसी अवधि में पीएचडी पूरा करने वाले शोधार्थियों को भी सर्टिफिकेट दिया जाएगा। पीजी के सामान्य कोर्स में 25 विषयों के साथ-साथ एमसीए, एमबीए, एमएड, होम्योपैथी समेत अन्य पीजी स्तरीय कोर्स के टापर भी सम्मानित होंगे।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में मंगलवार को दीक्षा समारोह के लिए स्टीयरिंग एंड मानीटरिंग कमेटी की बैठक हुई। प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने कहा कि स्टैच्युट के अनुसार अब केवल पीजी कोर्स के लिए ही दीक्षा समारोह होना है। समारोह में स्नातक के टापरों को मेडल नहीं मिलेगा। कालेज अपने स्तर से इसका आयोजन करा सकते हैं। समारोह में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया इसी सप्ताह शुरू होगी। 31 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। इसके लिए दो हजार रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। परीक्षा विभाग की ओर से एक से दो दिनों में टापरों की सूची वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी। बैठक में डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. समीर कुमार शर्मा, मानविकी के पूर्व डीन डा. सतीश कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक प्रो. राम कुमार, यूएमआइएस समन्वयक डा. टीके डे, आरबीबीएम कालेज की प्राचार्या प्रो. ममता रानी, डा. इंदुधर झा समेत अन्य उपस्थित हुए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते कुलपति प्रोफेसर डीसी राय • जागरण

**अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के टापरों को मिलेगा अतिरिक्त मेडल :** अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के टापरों को विश्वविद्यालय से दिए जाने वाले मेडल के अतिरिक्त भी एक मेडल प्रदान किया जाएगा। पहली बार विश्वविद्यालय में पूर्व पीजी राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष नवल किशोर प्रसाद सिन्हा के नाम से एक मेडल दिया जाएगा। यह राजनीति विज्ञान के टापरो को मिलेगा। वहीं अर्थशास्त्र के टापर को भी एक मेडल दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के पूर्व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. राम बिहारी सिंह के नाम पर पीजी अर्थशास्त्र के टापर को मेडल दिया जाएगा। दीक्षा समारोह सबसे पहले मुख्य अतिथि और जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा का भाषण होगा। अध्यक्षीय भाषण राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां करेंगे। इसके बाद मेडल वितरण शुरू होगा। सीटिंग अरेंजमेंट की जिम्मेदारी आरबीबीएम कालेज की प्राचार्या प्रो. ममता रानी को दी गई है। राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को आमंत्रण जाएगा। साथ ही पूर्व कुलपतियों और सभी कालेजों के प्राचार्यों के आमंत्रित किया जाएगा। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगीत के रचयिता और संगीतकार को सम्मानित करने के लिए राजभवन से अनुमति ली जाएगी। समारोह में शामिल होने की योग्यता रखने वाले सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों को सूचना जाएगी।

### स्नातक के टापरों के लिए कालेज करा सकेंगे दीक्षा समारोह

स्नातक के विभिन्न विषयों के टापरों को मेडल प्रदान करने के लिए कालेज स्तर से दीक्षा समारोह का आयोजन होगा। इसके लिए जल्द ही विश्वविद्यालय की ओर से पत्र जारी किया जा सकता है। विश्वविद्यालय में दीक्षा समारोह आयोजन के बाद कालेजों में आयोजन कराया जा सकेगा। स्टैच्युट के प्राविधान के अनुसार विश्वविद्यालय स्तर पर यह चर्चा हुई है।